<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भाविप्रा तिरुपति हवाई अड्डे को "राज्य वार्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार (2015-16) की श्रेणी के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ पर्यटक हितैषी हवाई अड्डा का पुरस्कार दिया गया।</u>

नई दिल्ली, 29 सितंबर, 2016 : भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के तिरुपति हवाई अड्डे को आंध्र प्रदेश पर्यटन द्वारा "राज्य वार्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार (2015-16) की श्रेणी के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ पर्यटक हितैषी हवाई अड्डा का पुरस्कार दिया गया।

यह पुरस्कार विश्व पर्यटन दिवस की पूर्व संध्या पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नारा चंद्रबाबू नायडू द्वारा दिनांक 27.09.2016 को भवानी आइलेंड्स, विजयवाड़ा में आयोजित भव्य समारोह में दिया गया।

यात्रा एवं पर्यटन उद्योग की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत राज्य वार्षिक पर्यटन उत्कृष्टता पुरस्कार, पर्यटन विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटकों/यात्रियों के साथ बेहतरीन ग्राहक हितैषी संबंध स्थापित करने हेतु विश्व पर्यटन दिवस समारोह के साथ दिये जाते हैं।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 9811521881, 011-24622787,
सं. 37/2016-17



तिरुपति हवाई अड्डा